उन्नत भारत आभियान के तहत अग्रवाल महाविद्यालय की टीम ने सुनपेड़ गांव में विकिरण जांच के लिए नमूने एकत्रित किए।

आज दिनांक 28 दिसंबर, 2021 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की एक टीम ने उन्नत भारत आभियान के तहत गोद लिए गए गांव सनपेड का दौरा किया। प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत के मार्गदर्शन में व डा देवेंद्र और डा भूपेंद्र की अगुवाई में महाविद्यालय के तीन विधार्थियों की टीम ने राजकीय उच्च विद्यालय सनपेड के विधार्थियों से संवाद किया। डा भूपेंद्र ने राजकीय विद्यालय के विधार्थियों को प्रदूषण तथा विकिरण के प्रभावों से अवगत कराया। उन्होने अपने व्याख्यान में भूमि तथा पानी में उपस्थित विकिरण की मात्रा के विषय मे भी बताया। किस प्रकार ये विकिरण हमारी जीवन शैली को प्रभावित करती हैं तथा किस प्रकार प्रदूषण व विकिरण के प्रभाव को हम कम कर सकते हैं, ऐसा व्याख्यान का सार रहा। इसके बाद महाविद्यालय के विधार्थियों की टीम ने पानी व मिट्टी के कुछ नमूने एकत्रित किए। कुछ मापदंड को विधार्थियों के साथ स्कूल प्रांगण में ही टेस्ट किया गया तथा एकत्रित किए नमूने के कुछ मापदंडों के परीक्षण के लिए उन्हें महाविद्यालय की अनुसंधान प्रयोगशाला में लाया गया। अलग अलग नमूने एकत्रित करने का उद्देश्य नतीजों मे शुद्धता को स्थापित करना है। गांव सनपेड के कुछ स्कूल ड्रॉपआउट और पासआउट विधार्थियों का भी अग्रवाल महाविद्यालय में 1 जनवरी से प्रारंभ हो रहे दो सर्टिफिकेट कोर्सेज के लिए चयन किया गया। छः महीने का यह सर्टिफिकेट कोर्स महाविद्यालय की ओर से फ्री करवाया जा रहा है।

AGGARWAL COLLEGE BALLABGARH
AI QUAD CAMERA
Shot by dev

AGGARWAL COLLEGE BALLABGARH
BHARAT ABHIYAN
Ballabgarh
Haryana
AI QUAD CAMERA
Shot by dev

AI QUAD CAMERA
Shot by dev

AI QUAD CAMERA
Shot by dev